अर्थशास्त्रियों ने चेताया, संसार से पहले घर सुधारो

संवाददाता

कानपुर,शनिवार। दयानन्द गर्ल्स कालेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'वैश्वीकरण व भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव' विषयक संगोष्ठी में आज यहां अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी कि वैश्वीकरण की अवधारणा पर अमल से पहले स्थानीय स्तर पर आर्थिक सुधार किये जाने चाहिए। संगोष्ठी में घरेलू व बाह्य उद्यमिता में सामंजस्य स्थापना पर जोर दिया गया।



डी. जी. कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में महिला कल्याण मंत्री प्रेमलता कटियार, डा.बी.एम.अग्रवाल, प्रो.टी.वी.एस.राममोहन राव व अन्य। डिजिटल फोटो- जागरण

संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए प्रदेश की महिला कल्याण व बाल पुष्टाहार मंत्री प्रेमलता कटियार ने कहा कि इस सदी के उत्तरार्ध में हु व्यापक परिवर्तनों के लिए वैश्वीकरण की प्रक्रिया उत्तरदायी है और भूमंडलीय गांव (ग्लोबल विलेज) की अवधारणा साकार होने के निकट है। उन्होंने कहा कि इन फैलते बाजार संबंधों का लाभ हमें तभी मिल सकता है, जब व्यापार शर्तें हमारे अनुकूल हों, किन्तु दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं है। व्यापार महत्वपूर्ण है किन्तु यदि गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी व अशिक्षा के बुनियादी सवालों के समाधानों की संभावना यदि बढ़ते व्यापार के साथ जोड़ी जा सके, तो व्यापार आर्थिक कल्याण के व्यापक उद्देश्य की प्राप्ति संभव है। वैसे भी भारत के लिए वैश्वीकरण आर्थिक दर्शन नहीं, आर्थिक विकास की रणनीति का एक अंग अवश्य हो सकता है। इसीलिए हमारी केन्द्र सरकार ने बीमा क्षेत्र को विदेशी निवेशकों को खोलने के साथ उनकी भागीदारी सिर्फ 26 फीसदी तक सीमित करने का प्रस्ताव किया है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए दयानन्द एकेडमी आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के निदेशक डॉ.बी.एम.अग्रवाल ने कहा कि आर्थिक सुधार जरूरी हैं किन्तु पहले आंतरिक घरेलू क्षेत्र में सुधार किये जाने जरूरी हैं। घरेलू सुधारों के बाद ही अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में इस वैश्वीकरण प्रक्रिया को भारत में लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू व बाह्य उद्यमिता में सामंजस्य स्थापित किया जाना जरूरी है। इसके लिए पहले चरण में उच्च वरीयता के कुछ क्षेत्र चयनित किए जा सकते हैं। हमारा वित्तीय पक्ष मजबूत किया जाना चाहिए और पहले पूरा जोर घरेलू बाजार पर दिया जाना चाहिए।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के मानविकी विभाग के प्रवक्ता व प्रमुख अर्थशास्त्री टी.वी.एस. राम मोहन राव ने कहा कि हमारे सामने आंतरिक स्तर पर सामाजिक न्याय की स्थापना बड़ी चुनौती है, पहले हमें इस पर जोर देना चाहिए। वैश्वीकरण की अवधारणा के सार्थक सदुपयोग के लिए उत्पादन व आधारभूत ढांचे को प्राथमिक वरीयता के रूप में मान्यता देनी होगी और साथ में एक जवाबदेह सरकार भी आवश्यक है। जीवन के हर क्षेत्र में सूचना तकनीक हावी हो रही है और संचार क्रान्ति अंतर्राष्ट्रीय बदलाव ला रही है। ब्रिटिशराज के कड़वे अनुभवों ने हमें लगभग 50 वर्षों तक वैश्वीकरण तक दूर रखा है और आज हमारे सामने उपस्थित विषण सामाजिक परिस्थितियों का सरल समाधान तात्कालिक रूप से उपलब्ध नहीं है। सरकार के पास उपयुक्त प्रबंधकीय संसाधन नहीं है और परिणाम स्वरूप चारा व दूरसंचार घोटाले जैसी स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। औद्योगिक प्रबंधन सलाहकार पी.एस.सत्संगी के सवालों के जवाब में डा.राव ने कहा कि तथाकथित पश्चिमी संस्कृति संचार तकनीक के संवर्द्धन के कारण ही हमारे जीवन का हिस्सा बन गयी है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के ही प्रो.बिनायक रथ ने कहा कि सरकार की वैश्वीकरण प्रक्रिया से सामाजिक क्षेत्र पर ही दुष्प्रभाव पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय अनुदानों व निजी निवेश की कमी घरेलू बाजार के ही आड़े आएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी और बड़ा संकट बनेगी। ऐसी स्थितियों में पहले हमें अपने घरेलू बाजार पर अधिक ध्यान देना चाहिए। हमारी जनसंख्या का 70 प्रतिशत हिस्सा भूमिहीन खेतिहर मजदूर व छोटे किसान हैं, जिन्हें इस वैश्वीकरण से कोई सीधा लाभ नहीं है और निजी बाजार तकनीक इनके विकास में बाधक ही साबित होगी। प्रो.आर.आर.वर्थवाल ने कहा कि राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में वैश्वीकरण एक शक्तिस्थापना का मार्ग भर है और अमीर देश इसके माध्यम से दबाव बनाते हैं। इसलिए इसका विश्लेषण करते समय राजनीतिक व आर्थिक दोनों पहलुओं पर ध्यान दिया जाए। उत्तर प्रदेश निर्यात निगम के महाप्रबंधक एम.पी.मिश्रा ने कहा कि हमारे आर्थिक सुधार शुरू कर मझदार में छोड़ दिए गए। हमें आर्थिक मजबूती के साथ राजनीतिक व सामाजिक मजबूती भी चाहिए। डी.जी.कालेज की प्रवक्ता डा.मुकुलिका हितकारी ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था को शेष विश्व से जोड़ने की आवश्यकता है और भारत को अपने अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। सामाजिक वरीयताओं का पुनर्निधारण कर आर्थिक शोध व विकास, स्वास्थ, शिक्षा आदि क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। डी.एस.एन. कालेज उन्नाव के हिलाल अहमद ने कहा कि भारत के लिए वैश्वीकरण अनावश्यक प्रक्रिया थी किन्तु परिस्थितिवश हमें इसे स्वीकार करना पड़ा। हमने इससे लाभ भी उठाया है फिर भी चैतन्यता आवश्यक है। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या डा.कमल द्विवेदी, धन्यवाद अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष मालती निगम व संचालन कार्यक्रम संयोजक साधना सिंह ने किया।

SEPTEMBER 27, 2003

DAINIK JAGRAN

नदियाँ जोड़ने व भूजल सहेजने से ही जल संकट का समाधान

संवाददाता, कानपुर

नदियां जोड़ने व भूजल सहेजने से ही जल संकट का स्थायी समाधान खोजा जा सकता है। भारत सरकार द्वारा इस आशय की परियोजना शुरू तो की गयी है किन्तु व्यापक जनसहभागिता के बिना इस परियोजना की सफलता संदिग्ध होगी।

ईको फ्रैण्ड्स के तत्वावधान में सेंट मैरीज कांवेंट में जल की गुणवत्ता व अभाव विषयक कार्यशाला में दिल्ली की द इकोलॉजिकल फाउंडेशन के डॉ.सुधींद्र शर्मा ने कहा कि नदियों को जोड़ने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना समयबद्ध ढंग से पूरी होना अत्यंत आवश्यक है।

इस योजना की सफलता से जल संकट का स्थायी समाधान हो सकता है, किन्तु इसके लिए आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता व दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी होगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक मूल्यों में कमी व राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में इस योजना का पूरा होना ही संदिग्ध है। आईआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रवक्ता डॉ.बिथिन दत्ता ने कहा कि 1972 में प्रस्तावित नदियों को जोड़ने की परियोजना पर अब काम शुरू हो सका है। 56 खरब रुपए लागत वाली यह योजना 2016 तक पूरी हो जाएगी, जिससे निश्चित रूप से संभावित जल संकट से मुक्ति मिल जाएगी।

इससे पूर्व उद्घाटन करते हुए आईआईटी के अर्थशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. बिनायक रथ ने कहा कि भारत में जल संसाधनों के लिए तीन 'पी' सर्वाधिक आवश्यक हैं। इनमें 'प्रापर प्लानिंग' (उचित नियोजन), 'पॉलि- टिकल एंड ब्यूरोक्रेटिक विल' (राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति) व 'पीपुल्स पार्टिसि-पेशन' (जनसहभागिता) शामिल हैं। इनके द्वारा भारत ही नहीं पूरे विश्व में जल संकट का स्थायी समाधान हो सकता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बीपी शुक्ला, डॉ.अनिल दीक्षित, डॉ.एन बोसवाल, राकेश जायसवाल आदि ने भूजल संरक्षण को संभावित जल संकट से निपटने का मूल आधार बताया।

■ सेंट मैरी स्कूल में कार्यशाला का दीप जलाकर शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि विनायक रथ। जागरण

उन्होंने कहा कि भूजल को प्रदूषणमुक्त रखना भी सर्वाधिक जरूरी है। संचालन पीजी थॉमस ने किया।

हरिद्वार का गंगाजल, पूजा सामग्री पॉली पैक

हमारे संवाददाता, कानपुर

गंगा तट पर बसे नगर का यह दुर्भाग्य ही है कि नवदुर्गा पर बाजार में हरिद्वार का बोतलबंद गंगाजल बिक रहा है। इसी तरह नवग्रह बनाने में काम आने वाली दालों से लेकर सारी पूजन और खाद्य सामग्री पॉली पैक में उपलब्ध है।

हरिद्वार के गंगा जल विक्रेताओं ने इसमें गुलाब जल भी मिल रखा है। 5 से 15 रुपये की शीशी पूजन के प्रयोग के लिये खासतौर पर बेंची जा रही है। मोतीझील में प्रज्ञा मिशन की पूजन सामग्री के विक्रेता यज्ञ कुमार मिश्र ने बताया हरिद्वार के गंगा जल से भक्तों में शुद्धता का भाव जागता है। नवग्रह बनाने में काम आने वाली दालों से लेकर सारी पूजन और खाद्य सामग्री पॉली पैक आ रही हैं। तमाम कंपनियों ने इनके पैकेट बाजार में उतारे हैं। जौ, तिल, कलावा, कपूर, चावल, पीली सरसों, रुई, रुई की बाती, जनेऊ, सुपारी, मारकीन, टून कपड़ा, रोली सिंदूर के साथ माँ के वस्त्र भी पॉलीपैक में मौजूद हैं। इसी कड़ी में ऊँ, सतिया, शुभलाभ, शुभ चरणों के चित्र वाले सुविधाजनक स्टीकर दुकानों में मिल रहे हैं।

अफगानी गोंद से महंगी हवन सामग्री

कानपुर: नवरात्र पर हवन सामग्री तीस से चार सौ रुपये किलो बिक रही है। अफगानिस्तान के गोंद और भूटान की काई मिली ये समिधा जितनी महंगी है उतनी ही महकी हुई है। लकड़ी के बुरादे से ज्यादा जड़ी, लकड़ियां, फूल, पत्तियां और खाद्य पदार्थ मिलाये जाते हैं। इसमें बाहमी, देवदार, नागर मोठ, खस, शंखपुष्पी, भोजपत्र, अनारदाना, सुगंध कोकिला, सुगंध बाला, हाउबेर, तोमड़, कुसुम, टेसू, सुगंध मंत्री, बेलगिरी, जौ, तिल, शक्कर, गुड़, शहद, देशी घी, लौंग, इलाइची, लाल-सफेद चंदन, चावल, काजू बादाम, चिरौंजी, गरी, छुआरा आदि के साथ अफगानिस्तान का गोंद भी इसमें पड़ता है जिसे गुग्गुल कहा जाता है, लेकिन बबूल आदि पेड़ों के नकली गोंद को व्यापारी गुग्गुल के नाम से बेंच रहे हैं। हालांकि चार सौ रुपये तक महंगी हवन सामग्री में गुग्गुल के साथ भूटान की काई मिली है जिसे छबीला कहा जाता है। देश में इसी तरह की काई चेन्नई से आती है।

योग्य खाद्य पदार्थों में दो दिन में जबरदस्त उछाल आया है। सिंघाड़े का आटा 38 रुपये से 44 पर पहुंच गया है। कूटू का आटा 36 से 40 पर और आरारोट वाला साबूदाना 24 से 26 व असली साबूदाना 30 से 36 रुपये किलो पहुंच गया है। 9 रुपये किलो की जौ 12 में है जबकि कच्ची मूंगफली 44 से 52 रुपये किलो तक चढ़ गयी है। कच्चा नारियल 8 से 10 रुपये और सूखा नारियल दस रुपये में है। सेव, केले और मौसमी की कीमतें भी चढ़ गयी है।

तांबे का नवग्रह यंत्र भी बिक रहा है। दुर्गा माँ की ऐसी तस्वीरें भी मिल रही हैं जिनमें रौशनी भी है और आरती भी बजती है। इसके साथ ही वंदनवार और मालायें भी उपलब्ध हैं।

सवा करोड़ के कैसेट आये: टी सीरीज, टिप्स, वीनस सहित एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों ने सवा करोड़ रुपये से ज्यादा के कैसट केवल नगर के बाजार में झोंके हैं। इनमें फिल्मी गीतों पर माँ दुर्गा के गीत और रात्रि जागरण के गीत मौजूद हैं। एचएमवी ने फिल्मों के प्रसिद्ध दुर्गा गीतों के अलग कैसेट जारी किये हैं।

फलाहार हुआ महंगा: व्रत

साक्ष्य सहित शिकायत पर उत्पादनकर्ता पर कारवाई

दैनिक आज (आज समाचार सेवा) 16.6.99

कानपुर, १५ जून। उपभोक्ता द्वारा साक्ष्य सहित शिकायत पर उत्पादन कर्ता पर कारवाई की जायगी। यह बात भारतीय मानक ब्यूरो के उप निदेशक ए.के.बेरा ने सुकलन पुरवा में सम्पन्न हुए ग्रामीण उपभोक्ता सम्मेलन में कही।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आई.आई.टी. के अर्थशास्त्री डा.विनायक रथ ने कहाकि सरकार की नीतियों गांवों के विकास कार्यक्रम का समावेश होना चाहिए ताकि गांव का विकास हो सके। प्रायः बरसात में गांव में सड़के न होने से आवागमन बाधित हो जाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय मानक ब्यूरों के निदेशक ने कहाकि यद्यपि वर्तमान दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं का निर्माण बिना आई.एस.आई. प्रमाणन के संभव नहीं है। फिर भी थोड़े से लालच में उपभोक्ता नकली उत्पादन कर्ता के जाल में फंसकर शोषण करा बैठता है। आज आई.एस.आई. द्वारा प्रमाणित हर वस्तु घर में उपलब्ध होने के बाद भी बिना जानकारी ग्राहक ठगा जाता है। आई.एस.आई. मोहर की पहचान के लिए ध्यान से देखने पर अक्षरो की एकरुपता तथा मुहर के नम्बर से असली-नकली की पहचान हो सकती है।

कार्यक्रम का संचालन उपभोक्ता परिषद के निदेशक ध्रुव कुमार शुक्ला ने किया।

उपभोक्ता सम्मेलन का आयोजन

कानपुर, 15 जून। उपभोक्ता परिषद के तत्वावधान में ग्रामीण उपभोक्ता सम्मेलन व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सुकलन पुरवा में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आई.आई.टी. के अर्थशास्त्री विनायक रथ ने कहाकि सरकार की नीति निर्माण में गांवों की समस्याओं का समावेश होना आवश्यक है। उन्होंने कहाकि देश को आजाद हुए पचास वर्ष हो जाने के बावजूद गांवों का विकास नहीं हो पाया है।

हिन्दुस्तान 16.6.99

Consumer Forum

17.6.99

THE CONSUMER Council, today organised a conference at Sakulan Purwa in Kanpur Dehat. The conference was presided over by director, Indian Standard Bureau, Mr RN Sharma. The local participants highlighted the problems being faced by them for the schooling of their children and medical facilities. The conference was inaugurated by Dr Vinayak Rath of the IIT-Kanpur, who laid stress on consumers activities. The programme was conducted by Dhru Kumar Shukla.

Economist highlights villagers' problems

पायनियर 17.6.99

KANPUR: NOTED ECONOMIST Vinayak Rath of the Indian Institute of Technology, while addressing the rural consumer conclave-cum-training camp at the Kanpur dehat, underlined the need for inclusion of rural problems in the policy planning.

He said that it was shocking that despite 50 years of Independence no development had taken place in the villages. He said people and the government both were equally responsible for the present plight of the rural areas.

Mr Rath claimed that political will was missing for the uplift of villages. He said Uttar Pradesh was the worst affected as there was no awareness in comparison to other states. He said that there had been substantial progress in the field of education but the qualified people preferred to go abroad depriving the Indians of the benefits which they could offer to them

He said the state government had spent Rs 1 crore on papers in Dibiapur but in fact there had hardly been two per cent progress there. Addressing the function, Director of Indian Standards Bureau RN Sharma admitted that the people were themselves at fault for keeping progress at bay from hamlets. Highlighting the problems of Sakulan Purva village, he said it had a primary school only and students had to cross a river if they wished to pursue higher studies. Villagers, who were present there, said that as there was no bridge over the river they had to face a lot of problems in taking serious patients to government hospitals. Besides, they were not able to take their produce to the centres as a result they did not get proper return of their product, they said. Later, director of Upbhokta Parishad Dhruv Kumar Shukla also spoke on the occasion.

Staff Reporter

ग्रामीण उपभोक्ता सम्मेलन में अभावों पर चर्चा

राष्ट्रीय सहारा 16.6.99

उपभोक्ता परिषद ने शोषण से बचने के उपाय बताये

सहारा समाचार

कानपुर, 15 जून। उपभोक्ता परिषद के तत्वाधान में सुकलनपुरवा जनपद देहात में हुये ग्रामीण उपभोक्ता सम्मेलन मे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने विकास के अभाव का खाका खींच डाला। शिक्षा, चिकित्सा व बाजार के अभाव मे क्षेत्रीय ग्रामीणो की आर्थिक अवस्था सुदृढ नही हो पा रही है। ग्रामीणो की समस्यायें सुनने के बाद परिषद के निदेशक ने शोषण से बचने के उपाय बताये। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक आर.एन. शर्मा ने की।

क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने बताया कि गांव मे सिर्फ प्राइमरी स्कूल ही है। उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को नदी पार करके बाघपुर जाना पड़ता है जो कि लड़कियों के लिये सम्भव नहीं है। ऐसी स्थिति मे शिक्षा के अभाव मे लड़कियों की शादी ब्याह करने मे बहुत कठिनाई आती है। हर सामान खरीदने के लिये बाघपुर ही जाना पड़ता है जो नदी पुल न होने के कारण बहुत ही दिक्कत तलब है।

यहां का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी मैथा ब्लाक मे ही है। वहां जाने का रास्ता भी नदी पार करके ही है। गम्भीर मरीज को तो हम ले ही नहीं जा पाते है। यातायात साधनों के अभाव में हम अपनी पैदावार का सही मूल्य भी नहीं पा पाते। बरसात मे इस नदी का पानी गांव तक आ जाता है। गांव में बिजली न होने के कारण अन्य तमाम असुविधाओं के साथ-साथ हम लघु, कुटीर उद्योग लगाकर अपनी आर्थिक स्थिति भी नहीं सुधार पा रहे है।

राशन की दुकान बाघपुर मे होने के कारण हम लोगों को होली, दिवाली में ही शक्कर, मिट्टी का तेल मिल पाता है। जन प्रतिनिधियों ने हमारी समस्याओं के सम्बन्ध मे चुनाव लड़ते समय आश्वासन तो बहुत दिए परन्तु समाधान आज तक नही हुआ क्योंकि दुबारा उनके दर्शन नही मिल पाते।

ध्रुव कुमार शुक्ल, निदेशक उपभोक्ता परिषद ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपभोक्ता सरक्षण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत कार्यरत उपभोक्ता संरक्षण फोरमों मे किसी प्रकार का शोषण होने पर शिकायत करने के तरीके को विस्तार से समझाते हुए उसके महत्वपूर्ण फैसलों का उदाहरण भी प्रस्तुत किया तथा उपरोक्त समस्याओं के समाधान मे परिषद का पूर्ण योगदान मिलने हेतु भी आश्वासन दिया।

डा. विनायक रथ (अर्थ शास्त्री) आई.आई.टी., कानपुर ने शुभारम्भ करते हुए कहा कि सरकार की नीति निर्माण मे गांवों की समस्याओं का समावेश होना आवश्यक है। देश को आजाद हुए लगभग 50 वर्ष हो जाने के बावजूद जो विकास गांवों का होना चाहिए था नहीं हुआ है। प्रातः बरसात मे गांवों में आना जाना सम्भव नहीं होता। यहां की तमाम ऐसी समस्याएं है जिन्हें देखकर दिल दहल उठता है। देश के अन्य प्रदेशों के मुकाबले हमारे उ.प्र. मे जागृति नहीं है।

उन्होंने कहा कि विकास न होने में हम व सरकार बराबर के साझीदार है। सरकारी योजनाओं से काफी लाभ हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में हमारे देश काफी प्रगति हुई है परन्तु हमारे देश का शिक्षित व्यक्ति प्राथमिकता पर विदेश जाना पसन्द करता है। उसके विदेश जाने से अपने देश को उसकी सेवाएं नहीं मिल पाती। बैंकों को गांवों में खुलना चाहिए जिससे उनका लाभ वहां के विकास में लग सके लेकिन हो इसका उल्टा रहा है। डा. रथ ने बताया कि दिबियापुर में एक करोड़ रूपया सरकार ने कागजों पर खर्च कर डाला परन्तु वास्तविकता में लोगों के असली लाभ की योजनाएं 2 प्रतिशत ही अमली जामा पहन सकी।

ए.के. बेरा, उप निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो कानपुर ने मुख्य वक्ता के रूप मे सम्बोधित करते हुए कहा कि वस्तु खरीदते समय आप विज्ञापन से या दुकानदार की लुभावनी बातों से प्रभावित होकर अथवा लोगों से जानकारी प्राप्त कर वस्तु को खरीदते है। व्यापारी अपने फायदे के अनुसार ग्राहक को सामान बेंचता है। खरीददारी करते समय हमें क्या देखना चाहिए इसकी ठीक से हमे जानकारी नहीं है। खाने की वस्तु को तो आप चख कर भी देख सकते है परन्तु पशु आहार तो आप चखकर भी नहीं समझ सकते।

भारतीय मानक ब्यूरो बिजली के 100 वाट के बल्ब को। घण्टे मे कितनी बिजली खानी चाहिए, वह कितने दिन चलेगा, कितनी रोशनी देता है आदि चेक करने के बाद ही लाइसेन्स देता है। 16,000 मानक तैयार किए जा चुके है। हर तीन महीनें में फैक्ट्री मे तथा प्रायः बाजार से खरीदकर हम चेकिंग करते रहते है। आप आई.एस.आई. मार्क वस्तु को खरीदकर यदि सन्तुष्ट नहीं है तो हमे सप्रमाण शिकायत करे। हम उस पर तुरन्त कार्यवाही करेगें और शिकायत सही होने पर आपको सही वस्तु दिलाने के साथ-साथ उस उत्पादनकर्ता का लाइसेन्स सस्पेन्ड आदि सख्त कार्यवाही की जाती है। कृपया आई.एस.आई. मुहर लगी वस्तु ही खरीदें।

आर.एन. शर्मा निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो कानपुर ने अध्यक्ष पद से सम्बोधित करते हुए कहा कि गांवों में हम चकरोड को काटकर पगडंडी बनाने मे जरा सा भी संकोच नही करते इसका मतलब यह है कि हम रास्ते को समाप्त करके विकास को गांवों तक नही पहुंचने देना चाहते है। आई.एस.आई. की नकली असली मुहर को पहचानने के लिए विशेष रूप से तीनों अक्षरों (आई.एस.आई.) में एकरूपता को ध्यान से देखे तथा हर मुहर पर नम्बर पड़ा होता है।

जीवन में दैनिक उपयोग में आने वाली तमाम वस्तुएं जैसे हैण्डपम्प, क्रेसर, सीमेन्ट, बिजली के अनेक उपकरण, बिस्किट आदि का निर्माण बगैर आई.एस.आई. प्रमाणन के सम्भव ही नहीं है। मां या जानवर का दूध बच्चों के लिए हानिकारक सिद्ध हो जाने के कारण बेबी मिल्क पाउडर आवश्यक हो गया है।

इसका भी निर्माण बगैर हमारे प्रमाणन के सम्भव नहीं है। आई.एस.आई. हर घर मे मौजूद है परन्तु आप उसके बारे में जानते ही नहीं है और भटकते रहते हैं। गलत उत्पादनकर्ता बहुत चालाक बनता है उसको हम आपके सहयोग से भी पकड़ सकते है। हमारे विभाग की सेवाएं हमेशा आपके लिए उपलब्ध है।

श्री शिशु पाल सिंह गौर ने बताया कि जो उपभोक्ता अन्धा होता है उसके शोषण की कोई सीमा ही नहीं होती। मरणोपरान्त नेत्रदान कर एक अन्धे को शोषण से मुक्ति दिलाएं। अन्त मे उन्होने आभार व्यक्त किया।

19.08.97

विलम्बित न्याय समस्या एवं निदान पर परिचर्चा सम्पन्न

कानपुर, १८ अगस्त(वि.)। उपभोक्ता परिषद के तत्वावधान में विलम्बित न्याय समस्या एवं निदान पर परिचर्चा लोकमान्य तिलक पुस्तकालय, अशोक नगर में डा. जगदीश शर्मा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

परिचर्चा शुरू करते हुए नगर के वरिष्ट अधिवक्ता एन.के.नायर ने कहा कि वर्तमान स्थिति में भ्रष्टाचार तथा कार्य को किसी न किसी प्रकार विलम्बित करने की मनोवृत्ति को दूर किए बिना इस समस्या का निदान नहीं हो सकता जस्टिस एट योर डोर स्टेप के नारे का खोखलापन प्रदर्शित करते हुए उन्होंने सर्विस एण्ड इंडस्ट्रियल ट्रिब्युनल्स व कन्सीलिएशन तथा लेबर कोर्ट में कर्मचारियों के होने वाली दुर्दशा तथा विलम्बित न्याय के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की।

डा. वी.एन.सिंह ने कहा कि वोटों की राजनीति को ध्यान में रखते हुए न्यायाधीशों की नियुक्तियां की जाती है। डा. यतीन्द्र तिवारी 'प्राचार्य अर्मापुर पोस्ट ग्रेजुएट कालेज ने बताया कि न्यायिक प्रक्रिया के प्रति जो निष्ठा है वह प्रक्रिया की जटिलता के कारण प्रभावित होने लगी है। जिससे असंतोष जन्म लेता है। उन्होंने पूर्ववत यथावत की स्थिति पर चिन्ता करते हुए इसे समाज की प्रगति में अवरोधक की संज्ञा दी।

डा. विनायक रथ आई.आई.टी ने राष्ट्रीय स्तर पर लोवर हाई कोर्ट स्तर पर २५ मिलियन पेंडिंग केसेज का जिक्र करते हुए उन्नाहार रायबरेली के निकट २१ गांवों गाजिया बाद में दादरी इटावा में दिबियापुर के अपने सर्वे के आधार पर बताया कि भूमि अधिग्रहण के १७२६ मामलों में १२०६ मुकदमे लगभग १० साल पूर्व दायर किए गए जिनका निर्णय अभी तक नहीं हुआ है। डा. रथ ने आगे कहा कि वर्तमान न्याय प्रणाली एडवर्सरी माडल आफ जस्टिस के रूप में जानी जाती है। लोक अदालत की व्यवस्था को उन्होंने उपयोगी बताया।

बृजेश सिंह एडवोकेट ने बताया कि ३१ दिसम्बर ९७ तक प्रदेश के जिला फोरमों में १५०४५७ वाद दाखिल हुए जिसमें से ९५९५० ही निस्तारित हो सके। स्टेट फोरम में ३१.दिसम्बर '९६ तक १७९२ नए मुकदमे दाखिल हुए जिसमें से ८३६ का निर्णय हो सका तथा १३०८७ अपीले दायर हुई जिनमें से २९३६ का निर्णय हो सका। विश्व नाथ कपूर वरिष्ट एडवोकेट ने जोर देकर वर्तमान न्यायिक प्रणाली को भारत की मिट्टी व जनमानस के स्वभाव के विरुद्ध बताया। उन्हों। विधि शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार पर बल दिया।

डा. जगदीश शर्मा ने अध्यक्ष पद से बोलते हुए आज की परिचर्चा में अपने विचारों को बिन्दुवार सघन चर्चा करने पर बल दिया।

परिचर्चा में प्रमुख रूप से बंकपाणि बाजपेई एडवोकेट डा. आर.आर.वर्धकल सरदार गुरमुख सिंह एडवोकेट गुलाब शंकर दीक्षित अतहर नईम डा. जे.पी.तिवारी राजेन्द्र श्रीवास्तव बंका राज त्रिपाठी शिशु पाल सिंह गौर सरदार हरभजन सिंह खण्डूजा मिश्री लाल गुप्ता श्रीमती पदमा शुक्ला विनय कुमार आदि ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए ध्रुव कुमार शुक्ल निदेशक उपभोक्ता परिषद ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

उपभोक्ता सड़कों पर चलने के अधिकार के लिये संघर्ष करें

दैनिक जागरण 28-2-94

(संवाददाता)

कानपुर, रविवार। महानगर की सड़कों पर अव्यवस्थित यातायात के लिये उपभोक्ताओं को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिये, सड़कों पर चलना उनका मौलिक अधिकार है किन्तु अतिक्रमण के कारण उपभोक्ता इस अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

उपरोक्त विचार आज यहां उपभोक्ता परिषद द्वारा यातायात व्यवस्था समस्यायें एवं सुझाव, विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किये।

संगोष्ठी की शुरुआत करते हुये नगर महापालिका (ट्रैफिक सेल) के अधिशाषी अभियंता प्रदीप तिवारी ने कहा कि महापालिका द्वारा फुटपाथ के ऊपर दुकानों के लिये जगह का एलाटमेंट उसके सदुपयोग के लिये किया गया था किन्तु आज वही दुरुपयोग में परिणत हो गया है उन्होंने कहा कि टेम्पो तो गुड्स ट्रांसपोर्ट के लिये बना था, यात्रियों के लिये नहीं। उन्होंने कहा कि अभियान्त्रिकी, शिक्षा एवं अतिक्रमण इस समस्या के तीन पहलू हैं। सड़कें आज स्वामित्वहीन हो गयी हैं जो जहां पैसा चाहे उपयोग कर रहा है लेकिन उनके लिये दंड की व्यवस्था नहीं है, सड़कों के साथ खुले आम अनाचार हो रहा है। सड़कों के उपभोक्ताओं को सड़क पर चलने का हक हर हाल मे मिलना चाहिये।

उन्होंने नेताओं पर भी प्रहार करते हुए कहाकि वह अतिक्रमण नहीं हटने देते सभासदों ने भी अपनी मर्जी से कई गलत काम करवाये जिन्हें नहीं होना चाहिए था।

आई. आई. टी. के प्रोफेसर अर्थशास्त्री डा. विनायक रथ ने कहाकि इस समस्या के प्रमुख अंग तकनीकी, प्रबंधकीय, वित्तीय तथा सामाजिक हैं। उन्होंने कहाकि यातायात सुधार के लिए योजनायें तो बनीं लेकिन उनका काम नहीं हुआ क्योंकि इस काम वाले अधिकारी का मुख्य काम पैसा पैदा करना है। अधिकारी समस्याओं के हल में रुचि नहीं लेते।

डा. रथ ने कहाकि उपभोक्ता संगठनों को इस मामले में पहल करनी चाहिए।

संगोष्ठी का संचालन उपभोक्ता परिषद के निदेशक ध्रुव कुमार शुक्ला तथा आभार कार्यक्रम संयोजक विपिन बिहारी मिश्र ने किया। संगोष्ठी में डा. वी. एन. गिल, अमीनुद्दीन अहमद, सुमंत मिश्रा, डा. पूर्णिमा तिवारी, ब्रजेश सिंह, डा. सुन्दरलाल वर्मा, शंकर प्रताप सिंह आदि थे।

Discussion on traffic management held

पत्रिका 28-2-94

Staff Reporter

Kanpur

ROADS IN the city are ownerless, for anyone can set up his shop on them and still go unpunished.

This was stated by Mr Pradip Tiwari, executive engineer (traffic cell) of Nagar Mahapalika while speaking at a seminar on 'City Traffic Management-Problems and Suggestions' organised by Upbhokta Parishad in Misra Market at Sisamau on Sunday.

Mr Tiwari, while talking of traffic, regretted that the intention of the Mahapalika by allotting space over the footpaths for their better utility had resulted in their misuse. The tempos which were meant for transport of goods were carrying passengers. He said that the user of the road must get his right.

Mr Ravi Kumar Tiwari, Asstt Director, Information said that the population explosion was the main contributing factor of the traffic problem in the city.

Dr Vinayak Rath, the IIT economist who presided over the seminar opined that technical, managerial, financial and social were the pivotal parts of the problem. The plan was not implemented because the incoming official was basically concerned with money-spinning.

28.02.94

यातायात व्यवस्था पर गोष्ठी खानापूरी साबित हुई

अमर उजाला 28-2-94

(कार्यालय संवाददाता)

कानपुर, २७ फरवरी। उपभोक्ता परिषद के तत्वावधान में आज यहां 'यातायात व्यवस्था समस्या एवं सुझाव' विषय पर आयोजित परिचर्चा में लोगों की भागेदारी न के बराबर रही। मात्र डेढ़ दो दर्जन लोगों के बीच केवल खानापूरी की गयी। परिचर्चा में पुलिस महानिदेशक कार्यालय से सम्बद्ध पुलिस उप महानिरीक्षक डी.एन. सामल के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की घोषणा की गयी थी लेकिन वे नहीं आए। गोष्ठी में निष्कर्ष निकला कि अगर नागरिक सचेत न हुए तो सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाएगा।

मिश्रा मार्केट सीसामऊ में आयोजित इस परिचर्चा का शुभारम्भ करते हुए नगर महापालिका ट्रैफिक सेल के अधिशासी अभियन्ता प्रदीप तिवारी ने कहा कि यातायात व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते समय सड़क, सड़क का उपयोग करने वाली तथा फुटपाथ पर विचार करना चाहिए। फुटपाथों पर दुकानों का आवंटन जगह के सदुपयोग की विचारधारा से किया गया था लेकिन आज इसका दुरुपयोग होने लगा है।

उन्होंने कहा कि सड़क स्वामित्वहीन हो गयी हैं। जो जहां चाहे सड़क की दुकान के रूप में प्रयोग करने लगता है। ऐसे लोगों के लिए दंड का कोई प्रावधान नहीं है। सड़कों का आवश्यकता से अधिक दुरुपयोग करके आज विषम परिस्थितियां पैदा कर दी गयी हैं। सड़क के उपभोक्ता से सड़क पर चलने का हक छीना जा रहा है। उसे यह हक मिलना ही चाहिए।

बिजली मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष अमीनुद्दीन अहमद का कहना था कि उपभोक्ताओं के सजग सशक्त आंदोलन के बिना किसी भी समस्या का समाधान संभव नहीं है। समस्या को यथास्थान रोकना ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। डा. बी.एन. सिंह का कहना था कि दोषी कौन है यह तय कर पाना बड़ा मुश्किल है। फुटपाथ, सड़क, बस, टैम्पो तथा रिक्शों की अव्यवस्था के लिए उपभोक्ताओं को ही समूह बनाकर विरोध के लिए आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि व्यवस्था तंत्र या तो भ्रष्ट है या राजनैतिक प्रभाव से अपंग। कल के नौजवान को भ्रष्ट होने से बचाना ही होगा क्योंकि उससे ही हमें आशा है। अपनी शक्ति का सदुपयोग ही हमें इस समस्या से निजात दिलवाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशों की तरह ही यहां भी तुरन्त दंड की व्यवस्था होनी चाहिए।

थिंकर्स फोरम के संयोजक सुमन्त मिश्र का कहना था कि नगर का सुनियोजित विकास न होना यातायात अव्यवस्था का मुख्य कारण है। प्रशासन कर्तव्यनिष्ठ नहीं है। महापालिका अपने दायित्वों का ठीक से पालन नहीं कर रही है। नागरिक भी नियमों का उल्लंघन करने में पीछे नहीं है। इन सब पहलुओं को भी देखना होगा।

परिचर्चा की अध्यक्षता करते हुए आर.आई.टी. के अर्थशास्त्री डा. विनायक राव ने कहा कि तकनीक, प्रबंध, अर्थ तथा सामाजिक व्यवस्था इस समस्या के मुख्य अंग हैं। योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होता क्योंकि अधिकारी पैसे की ओर ही ज्यादा ध्यान देते हैं। अधिकारी समस्याओं को हल करने में रुचि नहीं लेते। उपभोक्ताओं को ही संघर्ष कर समाज में जागरूकता पैदा करनी होगी। परिचर्चा में डा. पूर्णिमा तिवारी, डा. सुन्दर लाल वर्मा, बृजेश सिंह एडवोकेट, शंकर प्रताप सिंह, रवि कुमार तिवारी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम संयोजक विपिन बिहारी मिश्र ने आभार व्यक्त किया। संचालन उपभोक्ता परिषद के निदेशक ध्रुव कुमार शुक्ल ने किया।

यातायात व्यवस्था पर विचार गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र भारत 28-2-94

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर, २७ फरवरी। उपभोक्ता परिषद की ओर से आज मिश्रा मार्केट, सीसामऊ बाजार में 'यातायात व्यवस्था' समस्याएं और सुझाव' विषय पर एक गोष्ठी आयोजन किया गया।

गोष्ठी में महापालिका के यातायात सेल के अधिशासी अभियंता प्रदीप तिवारी ने कहा कि सड़क, यात्री और फुटपाथ तीन महत्वपूर्ण बिंदु हैं, किंतु आज फुटपाथ पर लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए हैं। टैम्पो भार ढोने के लिए अधिकृत है किंतु इससे सवारियां ढोई जा रही हैं। सड़क आज स्वामित्वहीन हो गयी है और जो जैसा चाहता है, सड़क पर स्थाई या अस्थाई अतिक्रमण कर लेता है। इससे निपटने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक होना पड़ेगा।

डा. पूर्णिमा तिवारी ने नगर बसों को यातायात समस्या का एक कारण बताया और कहा कि गोविंद नगर पुल न जाने कब से खराब है किंतु मरम्मत करके काम चला लिया गया। डा. सुंदरलाल वर्मा ने सीसामऊ बाजार के अतिक्रमण पर चिंता जताई। अधिवक्ता बृजेश सिंह ने आवारा पशुओं की यातायात की सबसे बड़ी समस्या बताया और कहा कि वाहनों का तो पुलिस चालान कर देती है किंतु आवारा जानवरों को कोई नहीं छेड़ता।

सहायक सूचना निदेशक रवि तिवारी ने यातायात व्यवस्था में बढ़ती हुई आबादी को दोषी माना और कहा कि उपभोक्ताओं को खुद सुधरना पड़ेगा, तभी कोई हल निकलेगा।

आई.आई.टी. के वैज्ञानिक डा.विनायक ने आरोप लगाया कि कभी यहां योजनाबद्ध ढंग से यातायात सुधार अभियान नहीं चलाया गया। अधिकारी सिर्फ कानपुर में पैसा बटोरने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता को जागरूक करने के साथ साथ अधिकारियों को भी सजग किया जाना चाहिए।

गोष्ठी में ध्रुवकुमार शुक्ला, विपिन बिहारी मिश्रा, शंकर प्रताप सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किए।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपभोक्त आन्दोलन की आवश्यकता

स्वतंत्र भारत 17.1.94

स्वतंत्र भारत संवाददाता

कानपुर, १६ जनवरी। उपभोक्त परिषद ने उपभोक्तओं की बहुआयामी समस्याओं पर होटल राजमहल में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अर्थशास्त्री डा. विनायक रथ ने कहा कि उपभोक्त आंदोलन की सक्रियता केवल शहरी क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवश्यक है।

उन्होंने कहाकि कानपुर के लोग अनेक सामाजिक विसंगतियों के होते हुए भी मौन रहते हैं। श्री रथ ने स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय भूमिका निर्वाह करने का आस्वान किया।

संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए श्रम कानून सलाहकार बाल गोविन्द अग्रवाल ने कहा कि आज सामान्य श्रमिकों को उन उपभोक्त कानूनों की जानकारी नहीं है, जिनके जरिए उन्हें अनेक लाभ मिल सकते हैं। डा. बी.एन. सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ रही उपभोक्तवादी संस्कृति के कारण शिक्षा संस्कार विहीन होती जा रही है।

उनका कहना था कि आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा के मूलधर्म और गुण संस्कार को बनाए रखा जाए। डा. यतीन्द्र तिवा ने कहा कि उपभोक्त आंदोलन को आज आंदोल नहीं, उसे समाज सुधार आंदोलन के रूप चलाना ही उपभोक्त आंदोलन की सार्थकता होग

नरेश कुमार वर्मा ने कहा कि डंकल प्रस्त के लागू हो जाने से सामान्य नागरिकों पर ब विपरीत प्रभाव पड़ेंगे। वस्तुओं के पेटेंट हो जा पर इसी देश के निर्मित वस्तुओं पर यहां तक कि वनस्पतियों व उनके उपयोग और उपभोग प नागरिकों का अधिकार नहीं रह जाएगा। यह ए तरह से आर्थिक गुलामी होगी।

संगोष्ठी में बृजेश सिंह ने कहा कि कानपु के चिकित्सकों में यह सबसे बड़ी कमी है कि वे मरीजों की सही जांच नहीं करते, उन्हें दौड़ाते हैं चिकित्सकों की यह लापरवाही केवल इसीलिए है कि उनके नर्सिंग होम चलें। आज ऐसे डाक्टरों के खिलाफ उपभोक्त संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है। संगोष्ठी के संयोजक ध्रुव कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया और उपभोक्त परिषद के उप निदेशक पी.के. जैकब आए हुए लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

17.01.94

उपभोक्ताओं के हित के लिए स्वयंसेवी संस्थाएं आगे आएं

(अमर उजाला ब्यूरो)

कानपुर, १६ जनवरी। आई.आई.टी. के अर्थशास्त्री डा. विनायक रथ ने आज शहर की तमाम समाजसेवी संगठनों का आह्वान किया कि वे उपभोक्ताओं के हित के लिए सक्रिय भागीदारी निभाएं। श्री रथ उपभोक्ता परिषद की ओर से होटल राजमहल में आयोजित एक बहुआयामी गोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

श्री रथ ने कहा कि उपभोक्ताओं के हित के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ता आंदोलन की शहरी क्षेत्रों से ज्यादा देहाती क्षेत्रों में आवश्यकता है। देहाती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य समेत तमाम अन्य समस्याएं उपभोक्ताओं की हैं। उनकी तरह-तरह से शोषण किया जा रहा है। जरूरत इस बात की है कि स्वयंसेवी संस्थाएं उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें।

संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए श्रम कानून सलाहकार बाल गोविन्द अग्रवाल ने श्रमिक उपभोक्ताओं की समस्याओं पर प्रकाश डाला। श्री अग्रवाल का कहना था कि आज सामान्य श्रमिकों को उन उपभोक्ता कानूनों की जानकारी ही नहीं है जिसके माध्यम से उन्हें तमाम लाभ मिल सकते हैं।

बी.एन. सिंह ने शिक्षा क्षेत्र की उन विसंगतियों की ओर इशारा किया जिनके चलते शिक्षा में उपभोक्तावादी संस्कृति पनपती जा रही है।

श्री सिंह ने कहा कि इसके प्रभाव से आज हमारी शिक्षा संस्कार विहीन होती जा रही है। उन्होंने शिक्षा के मूल धर्म, गुण और संस्कारों को बचाये रखने की जरूरत बतायी।

अर्मापुर डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. यतीन्द्र तिवारी ने कहा कि उपभोक्ता आंदोलन को मात्र आंदोलन के रूप में नहीं वरन उसे समाज सुधार आंदोलन की तरह से चलाया जाना चाहिए। गोष्ठी में बृजेश सिंह एडवोकेट ने उपभोक्ता अधिनियम तथा उसमें किये गये संशोधनों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डाक्टर मरीजों की सही तरीके से जांच करने में लापरवाही बरतें तो उनके खिलाफ श्री उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

उपभोक्ता आंदोलनको समाज सुधारके रूपमें चलाया जाय

उ. आज" 16-1-94

कानपुर, १६ जनवरी। उपभोक्ता परिषद के तत्वाधान में उपभोक्ताओं की बहु आयामी समस्याओं पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डा. विनायक रथ अर्थशास्त्री आई. आई. टी. कानपुर के थे। उन्होंने कहाकि कि उपभोक्ता आन्दोलन की सक्रियता केवल शहरी क्षेत्रोंमें ही नहीं आवश्यक है वरन ग्रामीण क्षेत्रोंमें इस आन्दोलन को सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहाकि कानपुर के लोग कैसे हैं जो अनेक सामाजिक विसंगतियोंके होते हुये भी मौन साधे रहते हैं। उन्होंने स्वयं सेवी संस्थाओं को सक्रिय भूमिका निर्वाह करने का आवाहन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वी. पी. दीक्षित ने की।

संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुये श्री बाल गोविन्द जी अग्रवाल, श्रीम कानून सलाहकार ने इस अवसर पर श्रमिकों की उपभोक्ता समस्याओं का उल्लेख करते हुये कहाकि आज सामान्य श्रमिकों को उन उपभोक्ता कानूनों को जानकारी नहीं है जिसके द्वारा उन्हें अनेक लाभ मिल सकते हैं। शिक्षा क्षेत्रमें व्याप्त अनेक विसंगतियों का उल्लेख करते हुये डा. वी. एन. सिंह ने कहाकि शिक्षा के क्षेत्रमें बढ़ रही उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण शिक्षा संस्कार विहीन होती जा रही है आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा के मूल धर्म और गुण संस्कार को बनाये रखा जाये। आज उपभोक्ता आन्दोलन की अत्यन्त निर्वल आय वर्ग के नागरिकों में सक्रिय करने की आवश्यकता पर बल देते हुये डा. यतीन्द्र तिवारी ने कहाकि उपभोक्ता आन्दोलन को आज आन्दोलन नहीं उसे समाजसुधार आन्दोलन के रुप में चलाना ही उपभोक्ता आन्दोलन की सार्थकता होगी।

उपभोक्ता परिषद के उपनिदेशक श्री पी. के. जैकप ने धन्यवाद किया। संयोजक तथा संचालन श्री ध्रुवकुमार शुक्ला ने किया।

उपभोक्ता सडकों पर चलने के अधिकार के लिये संघर्ष करें

दैनिक जागरण 28-2-94

(संवाददाता)

कानपुर, रविवार। महानगर की सड़कों पर अव्यवस्थित यातायात के लिये उपभोक्ताओं को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिये, सड़कों पर चलना उनका मौलिक अधिकार है किन्तु अतिक्रमण के कारण उपभोक्ता इस अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

उपरोक्त विचार आज यहां उपभोक्ता परिषद द्वारा यातायात व्यवस्था समस्यायें एवं सुझाव, विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किये।

संगोष्ठी की शुरुआत करते हुये नगर महापालिका (ट्रैफिक सेल) के अधिशासी अभियंता प्रदीप तिवारी ने कहा कि महापालिका द्वारा फुटपाथ के ऊपर दुकानों के लिये जगह का एलाटमेंट उसके सदुपयोग के लिये किया गया था किन्तु आज वही दुरुपयोग में परिणत हो गया है उन्होंने कहा कि टेम्पो तो गुड्स ट्रांसपोर्ट के लिये बना था, यात्रियों के लिये नहीं। उन्होंने कहा कि अभियान्त्रिकी, शिक्षा एवं अतिक्रमण इस समस्या के तीन पहलू हैं। सड़कें आज स्वामित्वहीन हो गयी हैं जो जहां पैसा चाहे उपयोग कर रहा है लेकिन उनके लिये दंड की व्यवस्था नहीं है, सड़को के साथ खुले आम अनाचार हो रहा है। सड़कों के उपभोक्ताओं को सड़क पर चलने का हक हर हाल मे मिलना चाहिये।

उन्होंने नेताओं पर भी प्रहार करते हुए कहाकि वह अतिक्रमण नहीं हटने देते सभासदों ने भी अपनी मर्जी से कई गलत काम करवाये जिन्हें नहीं होना चाहिए था।

आई. आई. टी. के प्रोफेसर अर्थशास्त्री डा. विनायक रथ ने कहाकि इस समस्या के प्रमुख अंग तकनीकी, प्रबंधकीय, वित्तीय तथा सामाजिक है। उन्होंने कहाकि यातायात सुधार के लिए योजनायें तो बनी लेकिन उनका काम नहीं हुआ क्योंकि हर आने वाले अधिकारी का ध्यान धन पैदा करने पर रहा है। अधिकारी समस्याओं के हल में मन नहीं रखते।

डा. रथ ने कहाकि उपभोक्ता संगठनों को इस मामले में पहल करनी चाहिए।

संगोष्ठी का संचालन उपभोक्ता परिषद के निदेशक ध्रुव कुमार शुक्ला तथा आभार कार्यक्रम संयोजक विपिन बिहारी मिश्र ने किया। संगोष्ठी में डा. वी. एन. मित्र, अमीनुद्दीन अहमद, सुशील मिश्रा, डा. पूर्णिमा तिवारी, ब्रजेश सिंह, डा. सुन्दरलाल वर्मा, शंकर प्रताप सिंह आदि थे।

Discussion on traffic management held

पायनियर 28-2-94

Staff Reporter

Kanpur

ROADS IN the city are ownerless, for anyone can set up his shop on them and still go unpunished.

This was stated by Mr Pradip Tiwari, executive engineer (traffic cell) of Nagar Mahapalika while speaking at a seminar on 'City Traffic Management-Problems and Suggestions' organised by Upbhokta Parishad in Misra Market at Sisamau on Sunday.

Mr Tiwari, while talking of traffic, regretted that the intention of the Mahapalika by allotting space over the footpaths for their better utility had resulted in their misuse. The tempos which were meant for transport of goods were carrying passengers. He said that the user of the road must get his right.

Mr Ravi Kumar Tiwari, Asstt Director, Information said that the population explosion was the main contributing factor of the traffic problem in the city.

Dr Vinayak Rath, the IIT economist who presided over the seminar opined that technical, managerial, financial and social were the pivotal parts of the problem. The plan was not implemented because the incoming official was basically concerned with money-spinning.

अमर उजाला 28.1.96

महानगर में आज

- ग्रामीण उपभोक्ता प्रशिक्षण शिविर पंचायत भवन हरबसपुर, विधनू ब्लाक में पूर्वाह्न ११ बजे से।

दैनिक जागरण 2...

आज के व...

-कानपुर नगर तहसील के उपभोक्ता प्रशिक्षण शिविर विधनू हरबसपुर में पूर्वान्ह ११ बजे।

राष्ट्रीय सहारा 30.1.96

ग्रामीणों को उपभोक्ता संरक्षण की जानकारी दी

कानपुर, 29 जनवरी। साक्षरता के अभाव में ग्रामीण उपभोक्ताओं तक अधिनियमों की जानकारी नहीं पहुंच पाती है। इस कमी से ग्रामीण उपभोक्ताओं का खूब शोषण होता है।

ये बात जिला एवं सत्र न्यायाधीश कानपुर नगर बी.के. सरकार ने विधनू ब्लाक के पंचायत भवन में ग्रामीणों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी देते हुये कही। पंचायत भवन में उपभोक्ता परिषद ने प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था।

श्री सरकार ने बताया कि उपभोक्ता आन्दोलन इस शताब्दी के छठे दशक में पश्चिमी देशों द्वारा चालू किया। भारत जैसे विकासशील देश में भी उपभोक्ता संरक्षण के कानून बनाये गये।

श्री सरकार ने इस मौके पर परिषद द्वारा छपाये गये प्रोफार्मा कलेन्डर का वितरण कर बताया कि पांच लाख रुपये तक के माल एवं सेवाओं के हजनि की शिकायत जिला उपभोक्ता फोरम में की जा सकती है। ये प्रत्येक जिला मुख्यालय पर स्थित न्यायिक संस्था है। कानपुर में ये न्यायालय रेन्ट कन्ट्रोल दफ्तर पर सप्ताह में तीन दिन बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार को लगाया जाता है।

इस मौके पर उपभोक्ता परिषद के निदेशक श्री ध्रुव कुमार शुक्ला ने बताया कि ये अधिनियम निजी सार्वजनिक एवं सहकारी क्षेत्रों पर प्रभावी है जहां मूल्य लेकर वस्तु अथवा सेवाओं की बिक्री की जाती है।

शिविर में आई.आई.टी. के प्रोफेसर डाक्टर विनायक रथ जी खेती के रिकार्ड में होने वाली गड़बड़ियों की विस्तार से चर्चा की। इसी तरह बृजेश सिंह ने बताया कि सिंचाई, विद्युत, खेती के रिकार्ड में गड़वड़ी एवं शिक्षा के मामलों को फोरम की परिधि में आने का जिक्र करते हुए प्रशिक्षण दिया।

उक्त शिविर की अध्यक्षता श्रीमती जगदीश कौर ने की। सर्व श्री यतीन्द्र तिवारी प्राचार्य अर्मापुर डिग्री कालेज, राजेन्द्र श्रीवास्तव मंत्री भारत सेवक समाज, रामेन्द्र तिवारी, श्याम लाल तिवारी, रवीन्द्र तिवारी, राम आसरे शुक्ल, सीता राम वाजपेयी, जगत प्रकाश द्विवेदी, राघवेन्द्र सिंह आदि ने भी विचार रखे। संचालन परिषद निदेशक ध्रुव कुमार शुक्ल ने किया।

(४) दैनिक जागरण, कानपुर, ३० जनवरी, १९९६

कानपुर समाचार

अधिनियमों की जानकारी न होने से उपभोक्ताओं का शोषण

(प्रतिनिधि)

कानपुर, सोमवार। उपभोक्ता परिषद के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण उपभोक्ता प्रशिक्षण शिविर में जिला जज व सत्र न्यायाधीश वी. के. सरकार ने कहा कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को अधिनियमों की जानकारी न होने के कारण शोषण हो रहा है।

पंचायत भवन, हरबसपुर विधनू ब्लाक में तहसील के उपभोक्ताओं के शिविर, कार्यशाला, उपभोक्ता परिषद के तत्वावधान में श्री सरकार ने कहा कि उपभोक्ता आंदोलन इस शती के ६वें दशक में पश्चिमी देशों में प्रारंभ हुआ था। भारत जैसे विकासशील एवं ग्रामीण बाहुल्य आबादी वाले देश में पहले कानून बने आंदोलन बाद में शुरू हुआ फिर भी साक्षरता के अभाव में ग्रामीण उपभोक्ताओं को अधिनियमों की जानकारी न होने के कारण शोषण की पराकाष्ठा हैं। श्री सरकार ने उपभोक्ता फोरमों में वाद प्रस्तुत करने तथा प्रमुख निर्णयों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपभोक्ता परिषद की ग्राम स्तर तक इकाई बनाने की बात कही।

डा. विनायक रथ अर्थ शास्त्री आई. आई. टी. ने गांवों में अधिक स्कूलं की व्यवस्था एवं खेती के रिकार्डों में होने वाली गड़बड़ियों की विस्तार से चर्चा करते हुए इसके लिए आंदोलन छेड़ने का आह्वान किया। उपभोक्ता परिषद द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम, नगर के पते सहित बनी टीन की प्लेटों का लोकार्पण डा. रथ ने किया।

बृजेश सिंह एडवोकेट ने बताया कि वस्तु व सेवा के एवज में चूंकि उसका मूल्य आप चुकाते हैं अतः आप सब उपभोक्ता हैं उन्होंने सिंचाई, बिजली, खेती रिकार्ड में गड़बड़ी शिक्षा आदि के फोरमों की परिधि में आने का जिक्र करते हुए स्टेट कमीशन एवं नेशनल आयोग के महत्वपूर्ण ग्रामीण उपभोक्ताओं के फैसलों एवं उनके क्रियान्वयन की विस्तार से चर्चा की।

राजेंद्र श्रीवास्तव मंत्री, भारत सेवक ने उपभोक्ताओं से संबंधित बने प्रमुख अधिनियमों की प्रमुख बातों को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की मांग की। डा. यतींद्र तिवारी प्राचार्य अर्मापुर पी. जी. कालेज, ने एक्सपायरी डेट के बाद की दवाओं के बिकने से अनेक की मृत्यु तक होने की अनेक घटनाओं का जिक्र करते हुए व्यापारी के रातों रात धनवान बनने की प्रवृत्ति की निंदा की।

श्रीमती जगदीश कौर सदस्या केंद्रीय समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड ने अध्यक्षता करते हुए महिलाओं के अधिक शोषण व उनके घर के बाहर निकल आने का आह्वान किया तथा उपभोक्ता परिषद की स्मारिका का लोकार्पण भी किया। ध्रुवकुमार, निदेशक उपभोक्ता परिषद ने संचालन किया।

...उपभोक्ता परिषद की ग्राम स्तर तक इकाइयां गठित की जाय ताकि ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिल सके। अन्य वक्ताओं ने कहा कि उपभोक्ताओं से सम्बन्धित बने अधिनियमों की प्रमुख बातों को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाना चाहिए तभी लोगों में तभी जागरूकता लायी जा सकती है।

शिविर में मुख्य रूप से आई.आई.टी. के अर्थशास्त्री डा.विनायक रथ, अधिवक्ता बृजेश सिंह, डा.यतीन्द्र तिवारी, समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड की सदस्य जगदीश कौर ध्रुवकुमार शुक्ल आदि लोगों ने विचार व्यक्त किये।

अमर... 29...

"Dainik Jagaran", September 1, 1997

कानून व्यवस्था, पुलिस एवं जनता का पारस्परिक सहयोग गोष्ठी

अपराधियों की गोपनीय ढंग से सूचना दें व फुटपाथ खाली करें

❑पुलिस की जर्जर व्यवस्था ❑ टेम्पो में महिलाओं से अभद्रता ❑ सिपाही व दरोगा का व्यवहार ठीक नहीं ❑मनो प्रदूषण विकट समस्या

निज संवाददाता

कानपुर, रविवार। पुलिस महानिरीक्षक डी.एन. सामल ने जनता से अपराधियों की गोपनीय ढंग से सूचना देने तथा फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया है। उन्होंने पुलिस के लिये आधुनिक साधन व प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया तथा कहा कि पुलिस जन संसाधनों की कमी के बावजूद श्रेष्ठ बनें।

